# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**मंगलवार,**

**08 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1944**

(दिनांक : 29 नवम्बर, 2022)

**नत्थी 'ख'**

## तारांकित प्रश्न

श्री सुमित हृदयेश 02.08.2022

*01. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि 22 अप्रैल, 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा जनपद नैनीताल के हल्द्वानी शहर में रिंग रोड निर्माण की घोषणा की गई थी ? यदि हां, तो क्या यह सत्य है कि उक्त रिंग रोड का निर्माण 05 वर्ष व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी प्रारम्भ नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि हल्द्वानी शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सरकार उक्त रिंग रोड का निर्माण कार्य प्रारम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री मयूख महर 02.08.2022

*02. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राष्ट्रीय राज मार्ग टनकपुर पिथौरागढ़ में घाट से पिथौरागढ़ के मध्य नव निर्मित सड़क मार्ग जगह–जगह धंस रहा है तथा दीवारें ढह रहीं है व सड़क में गड्डे पड़ रहे है ? क्या यह सत्य है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है जिस कारण मात्र 1–2 वर्ष में ही सडक क्षतिग्रस्त होने लगी है ? यदि हां, तो क्या सरकार सड़क निर्माण में प्रयुक्त की गयी घटिया सामग्री की उच्च स्तरीय जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण

श्री मयूख महर 02.08.2022

*03. क्या पर्यटन मंत्री अवगत करायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु जिस ट्यूलिप गार्डन का निर्माण कराया था वर्तमान में अब उसकी क्या स्थिति है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त गार्डन को बनाने में कुल कितना धन व्यय किया गया तथा उक्त पुष्प (ट्यूलिप) की पौंध कहाँ से मगाई गयी और उसमें कितना धन व्यय हुआ ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि गार्डन में फूल लगने के उपरान्त उक्त पौंध के बल्बों का क्या हुआ और वर्तमान में उक्त गार्डन को निष्प्रयोज्य क्यों छोड़ दिया गया है ? क्या सरकार उक्त गार्डन में पुराने पौंध के बल्बों का रोपण सुनिश्चित करेगी? यदि हां तो कब तक? यदि नही, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री मयूख महर

*04. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड

| | | |
|---|---|---|
| 02.08.2022 | पिथौरागढ़ द्वारा ग्राम सभा चैंसर के अन्तर्गत वड्डा मुख्य मार्ग से चामी, बुथखोला, मैथाना हेतु मोटर मार्ग का निर्माण कराया गया है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि इस मोटर मार्ग को दो बार स्थानीय चन्द्रभागा नदी को पार करना पड़ता है तथा इस नदी के उपरी भाग में 18 मीटर स्पान का पुल विभाग द्वारा बनाया गया है, किन्तु निचले भाग में मात्र 04 ह्यूम पाईप द्वारा इस नदी में अस्थाई व्यवस्था की गयी है, जिस कारण वर्षा ऋतु में अत्यधिक वर्षा के कारण यह व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है और मोटर मार्ग बह जाता है ? क्या सरकार इस स्थान पर मानक के अनुरुप पुल का निर्माण करायेगी ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अब तक ग्रामीणों की लगभग 50 नाली भूमि इस प्रकार विभागीय लापरवाही से बह जाने के लिए उत्तरादायी अधिकारियों के विरुद्व क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती अनुपमा रावत<br>02.08.2022 | *05. क्या वन मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वन गुज्जर जिनकी आजीविका का साधन पशुपालन ही है, उन्हें वनों में पशु चुगान और लौपिंग के परमिट नहीं दिये जा रहे हैं, जिस कारण उन्हें जीवन यापन में कठिनाई हो रही है ? क्या यह सत्य है कि उन्हें पशु चुगान और लौपिंग के परमिट निर्गत किये जाते थे ? यदि हां, तो अब परमिट न दिये जाने का कारण क्या है ? क्या सरकार शीघ्र परमिट निर्गत करेगी ? यदि नहीं, तो उनके जीवन यापन हेतु क्या वैकल्पिक योजना सरकार द्वारा लायी जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री फुरकान अहमद<br>02.08.2022 | *06. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में होम–स्टे योजना का लाभ पाने के मानक/शर्ते क्या है ? क्या होम–स्टे हेतु पंजीयन कराने के बाद किसी भी स्थान या घर में होम–स्टे चलाया जा सकता है एवं उक्त पंजीयन उत्तराखण्ड के मैदानी जिलों में अपार्टमेन्ट/आवासीय क्षेत्र के लिए भी लागू होगा ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत पिरान कलियर के ग्राम बढ़ेदी राजपूतान स्थित आरोग्यम सोसाइटी में किसी संस्थान द्वारा होम–स्टे हेतु पंजीयन करवाया गया है ? यदि नहीं, तो उक्त स्थान में एस0–1, एस0–2 ब्लाक में व्यवसायिक गतिविधियां कैसे गतिमान है ? क्या सरकार निरीक्षण करवाकर कार्यवाही करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री फुरकान अहमद<br>02.08.2022 | *07. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय सड़क निधि योजना के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र पिरान कलियर में रामपुर चुंगी मण्डी से ग्राम नॉगल होते हुए पिरान कलियर तक बाईपास सड़क एवं 300 मीटर स्पान सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में किसानों की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे की धनराशि का अभी तक भुगतान क्यों नही किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किसानों का मुआवजे स्वीकृत करने में बार–बार स्थान का परिवर्तन क्यों किया जा रहा है ? क्या सरकार उक्त बाई पास रोड के निर्माण को जी0टी0 रोड, रामपुर मण्डी से रामपुर मुस्तकहम, रामपुर अहतमाल स्पान सेतु, रूड़की अलमासपुर अलमासपुर मेहवड़ उर्फ नागल, गोपालपुर, इमलीखेतड़ा एवं पिरान कलियर में अबदाल शाह वाली रोड तक जो कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है, सम्पूर्ण क्षेत्र में पड़ने वाली भूमि का मुआवजा दिलाये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विरेन्द्र कुमार | *08. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि रुड़की की गंगनहर से निकलकर एक वृहद कृषि | |

| | | |
|---|---|---|
| 03.08.2022 | क्षेत्र को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से वर्ष 2013–14 में स्वीकृत इकबालपुर में नहर परियोजना प्रस्तावित है ? क्या यह सत्य है कि इस परियोजना के कियान्वयन से लगभग 75 गांव लाभान्वित होंगे, जिससे बड़ी संख्या में गरीब किसानों को अत्यन्त लाभ पहुंचेगा ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इतनी महत्वपूर्ण नहर परियोजना का लाभ यथाशीघ्र क्षेत्रवासियों को दिलाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त वृहद क्षेत्र हेतु कोई वैकल्पिक सिंचाई व्यवस्था स्थापित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.08.2022 | *09. क्या भाषा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में गढ़वाली, कुमाऊंनी व जौनपुरी–जौनसारी बोली के उन्नयन, सम्वर्द्धन के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या ठोस उपाय किये जा रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य में गढ़वाली, कुमाऊंनी व जौनपुरी–जौनसारी बोली के लेखकों/साहित्यकारों के द्वारा प्रकाशित पुस्तकों हेतु किसी प्रकार की वित्तीय सहायता का प्राविधान किया गया है? यदि हां, तो वह योजना अथवा प्राविधान क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | भाषा |
| श्री संजय डोभाल<br>04.08.2022 | *10. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में वन गुज्जरों को वन क्षेत्र में जो अधिकार प्राप्त हैं, उसी तरह के अधिकार उत्तराखण्ड के मूल निवासियों को भी दिये जाने का प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है ? यदि हां, तो यह अधिकार कब तक दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>04.08.2022 | *11. क्या वन मंत्री अवगत है कि वन विभाग में कैंपा के तहत कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं कालागढ़ टाइगर रिजर्व वन प्रभागों व लैंसडाउन वन प्रभाग में कराये गये कार्यों में काफी वित्तीय अनियमित्ता की शिकायतें मिली है ? क्या यह सत्य है कि कालागढ़ वन प्रभाग में निर्माण कार्यों में वित्तीय वर्ष 2020–21 और 2021–22 में कैंपा व कार्बेट फाउंडेशन से उपलब्ध करीब पांच करोड़ रुपये की धनराशि से विभिन्न कार्य करवाये गये तथा इन कार्यों के लिए कोई भी वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति नहीं ली गयी है ? इसी तरह लैंसडाउन वन प्रभाग में बिना स्वीकृति के लाखों रूपये खर्च किये गये हैं तथा कोटद्वार में खोह नदी पुनर्जीवीकरण के लिए स्वीकृत दो करोड़ की धनराशि से 1.76 करोड़ रूपये बाढ़–सुरक्षा दीवार पर खर्च कर दिये गये, जो कैंपा मद में अनुमन्य नहीं है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कैंपा के तहत जो उपरोक्त कार्य किये गये है उनकी विशेष ऑडिट जांच करायी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री उमेश कुमार<br>04.08.2022 | *12. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में सुभाष गढ़ नहर निर्माण एआईबीपी योजना में लागत 6 करोड़ 95 लाख 98 हजार रुपये , जगजीतपुर एसटीपी नहर निर्माण योजना नाबार्ड लागत 23 करोड़ 65 लाख 39 हजार रुपये, सोलानी नदी के बायें किनार तटबंध निर्माण योजना जीपीएफसी यूके 13 लागत 22 करोड़ 60 लाख 57 हजार रुपये की कोई भी योजना पूर्ण नहीं हुई है ? क्या यह सत्य है कि जांच के बाद भी दोषसिद्ध अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री उमेश कुमार<br>05.08.2022 | *13. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून में घंटाघर एवं राजपुर रोड में नगर निगम द्वारा स्मार्ट पार्किंग के नाम पर लोक निर्माण विभाग की सड़कों का | |

इस्तेमाल कर अवैध पार्किंग बनाई जा रही है ? यदि हां, तो मंत्री जी बतायेंगे कि वह कौन सी कम्पनी है जिसको इस अवैध पार्किंग का टेंडर किस नियम के आधार पर मिला है ? क्या सरकार इस विषय में सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| श्री संजय डोभाल<br>05.08.2022 | *14. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार द्वारा प्रसादम योजना के अन्तर्गत यमुनोत्री धाम के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत हुए थे और यह कार्य ब्रिडकुल को दे दिया गया है ? क्या यह सत्य है कि जिस निर्माण एजेन्सी को उक्त कार्य आवंटन हुआ उसने आज तिथि तक कार्य प्रारम्भ नही किया है, जिससे यात्रियों को हो रही असुविधा के कारण प्रदेश की छवि देशभर में धूमिल हो रही है ? क्या सरकार उक्त संस्था से कार्य हटाकर स्थानीय स्तर पर पी0डब्लू0डी0 को कार्यदायी संस्था नामित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री सुमित हृदयेश<br>08.08.2022 | *15. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी, लालकुऑ, भीमताल, कालाढूंगी तथा नैनीताल में कुल कितने पुल तथा सडके क्षतिग्रस्त है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी के अन्तर्गत कुल कितनी सडके खोदी गयी है और इन सड़कों के पुनर्निर्माण न होने के क्या कारण है ? क्या सरकार क्षतिग्रस्त पुलों तथा सड़कों के पुनर्निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>08.08.2022 | *16. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि 42 वर्ग किमी0 तक फैली टिहरी बांध की झील में बरसात के समय बड़ी मात्रा में लकड़ी, जानवरों के मृत शरीर, अधजले मानव शव, कूड़ा करकट आता है, जिससे लगातार झील में गंदगी एकत्रित हो रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार टिहरी बांध की झील में सफाई के लिए कोई ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>08.08.2022 | *17. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव में आरक्षण की श्रेणी एवं प्रतिशत क्या है ? क्या सरकार आरक्षण की इस परिधि में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों एवं उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के लिए सीटें आरक्षित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या आगामी पंचायती चुनाव में इस लागू किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री उमेश कुमार<br>12.08.2022 | *18. क्या पर्यटन मंत्री जनपद देहरादून के मसूरी स्थित जॉर्ज एवरेस्ट में चल रहे निर्माण कार्य हेतु हुए टेंडर और कुल लागत सम्बन्धित दस्तावेज उपलब्ध करवायेंगे ? क्या यह सत्य है कि वर्तमान में यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, ऐसे में यहां चल रहे निर्माण कार्य का क्या औचित्य है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि यदि न्यायालय द्वारा इसे खारिज कर दिया जाता है तो इस पर वर्तमान में जब तक फैसला नही आता तब तक अनावश्यक व्यय किये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार इसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| सुरेश सिंह चौहान | *19. क्या वन मंत्री अवगत है कि वन अधिनियम के कठिन प्राविधानों के कारण सड़कें | |

| | | |
|---|---|---|
| 23.08.2022 | बनने में अत्यधिक समय लगता है, साथ ही लागत भी अधिक होती है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वन अधिनियम के अन्तर्गत भूमि हस्तान्तरण अधिनियम में सरलीकरण हेतु कोई प्रक्रिया गतिमान है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री महेश जीना<br>26.08.2022 | *20. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि प्रदेश में 'इको टूरिज्म' को बढ़ावा देने हेतु किस तरह के प्रयास किये जा रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में आतिथि तक 'इको टूरिज्म' की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ? क्या सरकार द्वारा 'इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड' अथवा ऐसी संस्था की स्थापना की है, जिसमें सुदूर पर्वतीय अंचलों में भी 'इको टूरिज्म' का लाभ मिल सकें ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट<br>10.05.2022 | 01. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-87 के अन्तर्गत पड़ने वाले लालकुआं नगर में सड़क का चौड़ीकरण न होने के कारण मुख्य बाजार पर जाम की स्थिति बनी रहती है ? क्या सरकार की जनहित में चौड़ीकरण की कोई योजना है ? यदि नहीं, तो क्या समस्या के निदान हेतु सरकार लालकुआं नगर के बाहर से बाईपास निकाले जाने की कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>12.05.2022 | 02. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि नेशनल हाईवे में सर्विस लेन के खराब होने एवं सड़कों पर जगह-जगह गड्डे होने से दुर्घटनाऐं बढ़ रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र में एन0एच0-73 में मण्डावर से सालियर तक वर्ष 2019-20 और 2021-22 में कितनी दुर्घटनायें हुई ? क्या सरकार द्वारा दुर्घटना में घायल अथवा मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी मुआवजे का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>02.08.2022 | 01. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट पार्क के झिरना रेंज को पर्यटकों के लिए जनपद ऊधमसिंहनगर के दक्षिण जसपुर रेंज से खोलने के लिए सरकार द्वारा कोई कार्य योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>02.08.2022 | 02. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अन्तर्गत जसपुर शहर के राज्य मार्ग पर अजय गर्ग नर्सिंग होम से जसपुर–भूतपुरी मार्ग को जोड़ने वाला लिंक मार्ग, जिसकी लम्बाई मात्र 200 मीटर है, अत्यधिक जीण–शीर्ण अवस्था में है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री बृजभूषण गैरोला<br>02.08.2022 | 03. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिम तेदुंओं सहित अन्य वन्य जीवों की गणना के साथ उनके जीवन पर विस्तृत अध्ययन के लिए वन विभाग एवं भारतीय वन्यजीवों संस्थान के संयुक्त प्रोजेक्ट के तहत कार्य किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा चलाया जा रहा यह संयुक्त प्रोजेक्ट का काम कब शुरू हुआ और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उत्तराखण्ड में मानव वन्यजीवों संघर्ष की सर्वाधिक घटनायें मध्य हिमालय क्षेत्र में होती है, इन घटनाओं के न्यूनीकरण के लिए क्या इस प्रोजेक्ट में कोई स्टेट एक्शन प्लान बनाने की योजना है ? यदि हां, तो यह क्या योजना है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>02.08.2022 | 04. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के खटीमा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री द्वारा भारत माला परियोजना के तहत मोटर मार्गो की घोषणा की थी? यदि हां, तो वह प्रकिया कहां तक पहुंची ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>02.08.2022 | 05. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण, पिथौरागढ़ में सलैक्शन बांड पर कार्य कराये जा रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि अभी तक कितने धनराशि के कुल कितने सलैक्शन बांड/वर्क आर्डर पर विभाग कार्य कर चुका है तथा इस प्रकार कार्य करवाना विभागीय नियमावली के अन्तर्गत आता है? यदि नहीं, तो क्या इस अनियमितता पर सरकार कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>02.08.2022 | 06. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत तहसील नानकमत्ता में आने वाली कैलाश नदी में साधुनगर, सिडकुल के पास पुल निर्माण स्वीकृत है ? यदि हां, तो पुल का निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो पुल निर्माण की कार्यवाही किस स्तर तक पहुँची है ? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>02.08.2022 | 07. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंहनगर के तहसील नानकमत्ता मे ग्राम ऐचंताविही में वाटर लेबल निचले स्तर तक पहुच चुका है, जिस कारण सिंचाई हेतु पानी की बहुत गम्भीर समस्या उत्पन्न हो रही है ? क्या सरकार द्वारा सिंचाई हेतु हो रही पानी की समस्या के निस्तारण हेतु कोई नलकूप लगाने की कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>03.08.2022 | 08. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर एवं काशीपुर की सिंचाई नहरे क्षतिग्रस्त हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| | किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र ही नहरों की मरम्मत/सफाई करायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री आदेश सिंह चौहान 03.08.2022 | 09. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर में स्थापित महाभारत काल के तीर्थ मन्दिर के जीर्णोद्धार करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक उक्त क्षतिग्रस्त मंदिर का जीर्णोद्धर किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | धर्मस्व |
| श्री मयूख महर 03.08.2022 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में पूर्व में चण्डाक बैंड से डुंगरा ग्राम तक स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण हो चुका है ? यदि नहीं, तो क्या सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण लोगो को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार व्यापक जनहित में उक्त मार्ग को पूर्ण करायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर 03.08.2022 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत निर्माणाधीन गंगोलीहाट आंवलाघाट मोटर मार्ग के शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करेगी ? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग में कुछ कि0मी0 सड़क तथा रामगंगा में एक पुल बनना शेष है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर 03.08.2022 | 12. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत मेलडुंगरी थली रामेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण कब प्रारम्भ हुआ था तथा मोटर मार्ग निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और अभी तक कितना धन व्यय किया जा चुका है ? उक्त मोटर मार्ग की वर्तमान स्थिति क्या है तथा वर्तमान में इस मोटर मार्ग का निर्माण कार्य बन्द होने के क्या कारण है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर 03.08.2022 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत भाटीगांव से वेलतड़ी मोटर मार्ग की स्वीकृति किस वर्ष हुई थी और इस कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग में वर्तमान तक कितना कार्य हुआ है और कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्तमान में उक्त मोटर मार्ग का कितना कार्य शेष है व उक्त शेष कार्य पर विभाग क्या कार्यवाही कर रहा है ? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग को पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा 03.08.2022 | 14. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत, तहसील–खटीमा, सितारगंज, उप तहसील–नानकमत्ता में निवास करने वाले थारू जनजाति के लोगों को हक–हकूक के रूप में सोखता–जलौनी, माफी की लकडी, घास, रेता, बजरी इत्यादि वन विभाग से दी जाती है ? यदि हां, तो कब से दी जाती है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री गोपाल सिंह राणा 03.08.2022 | 15. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता के अन्तर्गत ग्राम ऐचंताविही, झानपुर गौढ़ी के पास बहने वाली न्याही नदी और दोहा नदी में दो पुल स्वीकृत है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि पुल का निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी | 16. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के | |

| | | |
|---|---|---|
| 03.08.2022 | विधान सभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग की ऐसी कितनी सड़के है जिनकी प्रथम चरण की स्वीकृति है किन्तु द्वितीय चरण का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हो पाया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उपरोक्त सड़कों का द्वितीय चरण का कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण है ? क्या सरकार उक्त सड़कों का द्वितीय चरण का कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 03.08.2022 | 17. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर के अन्तर्गत खैट पर्वत पर पैराग्लाइडिंग की व्यवस्था एव खैट, पीड़ी–1, पीड़ी–2 पर्वत का पर्यटन विकास कार्य का प्रथम चरण स्वीकृत है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि खैट पर्वत पर पैराग्लाइडिंग की व्यवस्था एव खैट, पीड़ी–1, पीड़ी–2 पर्वत का पर्यटन विकास कार्य का द्वितीय चरण कब तक स्वीकृत होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 04.08.2022 | 18. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में स्थित बंगसील व देवलसारी ईको पार्क के विकास हेतु कोई कार्ययोजना है ? क्या सरकार बतायेगी कि बंगसील–देवलसारी ईको पार्क को विकसित कराये जाने पर विचार किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री बृजभूषण गैरोला 04.08.2022 | 19. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री जीत सिंह गढ़वाली ने देश की आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी ? क्या यह सत्य है कि उनके पुत्र जो कि पूर्व सैनिक हैं वह जनपद पौड़ी गढ़वाल के बीरोंखाल में मूर्ति लगाये जाने हेतु कई बार विभागों के चक्कर लगा रहे है, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री जीत सिंह गढ़वाली जी के महान त्याग एवं बलिदान को देखते हुए उनकी मूर्ति जनपद पौडी गढ़वाल के बीरोंखाल में लगाई जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री बृजभूषण गैरोला 04.08.2022 | 20. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के ऊंचाई वाले स्थानों में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सोलर पम्पसेट लगाये जाने की योजना है ? यदि, हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में अभी तक कितने सोलर पम्पसेट लगाये गये हैं और उस पर कितनी धनराशि व्यय हुई है ? क्या यह भी सत्य है कि भारत सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उदद्श्य से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान कार्यक्रम योजना शुरू की गयी है जो योजना के कम्पोनेंट के अन्तर्गत ऑफ ग्रिड एरिया में डीजल पम्प के स्थान पर सोलर पम्पसेट की स्थापना की जानी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक कुल कितने डीजल पम्पसेट को बदलकर सोलर पम्पसेट में परिवर्तित किया गया है तथा कब तक राज्य के सभी डीजल पम्पसेटों को बदल कर सोलर पम्पसेट में परिवर्तित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लघु सिंचाई |
| श्री विक्रम सिंह नेगी 04.08.2022 | 21. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि "वन्य जन्तु परीक्षण तथा प्राणी उद्यान केन्द्रों का विकास" योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री की घोषणा के क्रम में जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रतापनगर विधान सभा में टिहरी बांध की झील के ऊपर "जू" के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई थी जिसके लिए डी.पी.आर निर्माण हेतु दो लाख रुपये की धनराशि | वन |

| | | |
|---|---|---|
| | शासनादेश संख्या 472 X-2-2014-12(34)/2012 दिनांक 19 फरवरी, 2014 के क्रम में अवमुक्त की गयी थी ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त जू निर्माण की डी.पी.आर. कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो जू निर्माण कार्य की क्या प्रगति है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>04.08.2022 | 22. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि वन विभाग में विभिन्न दैनिक श्रमिक यथा वाहन चालक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, बीट सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर वर्षों से कार्यरत श्रमिकों द्वारा विनियमितीकरण की मांग की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि मा0 उच्च न्यायालय एवं मा0 सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा इनको न्यूनतम वेतन एवं मंहगाई भत्ता देने का आदेश पारित किया है, किन्तु अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नही की गई ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कब तक इन दैनिक श्रमिकों का विनियमितीकरण किया जायेगा अथवा मा0 न्यायालय के आदेश का पालन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री विक्रम सिंह नेगी<br>04.08.2022 | 23. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि टिहरी बांध की झील के चारों ओर रिंग रोड़ का निर्माण प्रस्तावित है ? क्या इस रिंग रोड़ के बीच-बीच में मार्केट कॉम्पलेक्स निर्माण भी प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक इस रिंग रोड़ की स्वीकृति प्रदान की जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>04.08.2022 | 24. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विनबाल गांव से कलियारधूरा, छिड़ाखान तक मोटर मार्ग का निर्माण न होने से स्थानीय जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या यह सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग निर्माण का प्रकरण विगत काफी वर्षो से लम्बित पड़ा हुआ है? यदि हां, तो विनवाल गांव से कलियारधूरा, छिड़ाखान तक मोटर मार्ग का निर्माण कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री संजय डोभाल<br>05.08.2022 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत चार धाम सड़क परियोजना का कार्य लंबित पड़ा हुआ है जिससे स्थानीय लोगों व चार धाम यात्रियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त परियोजना के अन्तर्गत लम्बित कार्यो को समयबद्ध पूर्ण कराये जाने के लिए क्या कार्यवाही जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री संजय डोभाल<br>05.08.2022 | 26. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के खरसाली गांव से यमुनोत्री रोपवे के लिए कई वर्ष पूर्व धनराशि स्वीकृत होने के बाद भी अभी तक कार्य प्रारम्भ नही हुआ ? यदि हां, तो रोपवे का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री सुमित हृदयेश<br>05.08.2022 | 27. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र हल्द्वानी के अन्तर्गत नैनीताल रोड़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक से नवाबी रोड तक सिंचाई नहर जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रत्येक वर्ष वर्षाकाल में तल्ला गोरखपुर, मोहल्ला पाण्डे निवास के वासियों के घरों में नहर का गंदा पानी प्रवेश कर जाता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत तथा उसे कवर्ड करने हेतु धनराशि अवमुक्त करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री खजान दास | 28. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत | |

| | | |
|---|---|---|
| 18.08.2022 | विभिन्न सड़कों की स्थिति अत्यन्त दयनीय है तथा जगह–जगह गढ्ढे पड़े है जिस कारण आये दिन गढ्ढे में गिरने से कई लोग चोटिल होते रहते हैं ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि विभाग को सूचित करने के बाद भी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न किये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रान्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों को गढ्ढा मुक्त किये जाने हेतु कोई ठोस कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजान दास<br>18.08.2022 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राजपरु रोड विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राज्य योजना के तहत विभिन्न सड़के वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने हैतु आंगणन शासन में काफी समय से लम्बित हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि तहसील चौक से दून अस्पताल चौक होते हुए एम0के0पी चौक नाली निर्माण व देहरादून शहर के मुख्य मार्गों देहरादून मसूरी रोड़ किमी0–2 एवं 3 (प्रिंस चौक से भूसा स्टोर तक) एवं पल्टन बाजार मार्ग (कोतवाली से दर्शनीगेट तक) का डी0बी0एम0 / बी0सी0 से सुधारीकरण का कार्य तथा करनपुर में वार्ड 14 व 15 में क्षतिग्रस्त आन्तरिक मार्गों का सुधार, नाली मरम्मत तथा स्लैब कवरिंग के कार्य को कब तक वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा येगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खजान दास<br>18.08.2022 | 30. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राजपुर रोड विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत राज्य योजना के तहत करनपुर में जल संस्थान / स्मार्ट सिटी द्वारा पानी तथा सीवर लाईन के संयोजन / मरम्मत हेतु खोदी गई सड़कों के मरम्मत एवं मानसिंह वाला मार्ग, डी0एल0 मोटर मार्ग, अरविन्द मार्ग, ओल्ड सर्वे रोड़, करनपुर मार्ग तथा डी0ए0वी0 मोटर मार्ग में बी0एम0 / एस0डी0बी0सी0 द्वारा क्षतिग्रस्त मार्गों के सुधारीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु आंगणन शासन में काफी समय से लम्बित है ? क्या यह सत्य है कि अब–तक भी खोदी गई सड़कों की मरम्मत एवं सुधारीकरण हेतु कोई धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है जिस कारण जनमानस में रोष व्याप्त है ? क्या सरकार राजपुर रोड़ विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत उपरोक्त कार्यों को सुधारीकरण हेतु वित्तीय स्वीकृति जारी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री खुशाल सिंह अधिकारी<br>22.08.2022 | 31. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लोहाघाट में राजकीय पॉलीटेक्निक लोहाघाट की स्थापना वर्ष 1975 में हुयी थी और संस्थान के पास लगभग 20 एकड़ भूमि भी है ? क्या यह सत्य हैं कि क्षेत्रीय जनता द्वारा उक्त संस्थान में फार्मेसी एवं कम्प्यूटर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित किये जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज लोहाघाट में फार्मेसी तथा कम्प्यूटर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित करने के साथ स्वीकृत पदो के सापेक्ष रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेश जीना<br>22.08.2022 | 32. क्या वन मंत्री अवगत है कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बसे गांवों के लोगों पर लगातार बाघ व तेन्दुऐं प्राण घातक हमले कर रहे है, जिससे अब तक कई व्यक्तियों की जान जा चुकी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वर्ष से आतिथि तक जंगली जानवरों द्वारा कुल कितने व्यक्तियों को अपना निवाला बनाया है ? क्या सरकार पर्वतीय क्षेत्र में बसे लोगों को जंगली जानवरों से बचाव हेतु उचित सुरक्षा व उपाय कर रही है ? यदि हां, तो तद्सम्बन्धित पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेश जीना<br>22.08.2022 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मटखानी–कालिका मन्दिर तक मोटर मार्ग का डामरीकरण करने की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी थी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है कि उक्त मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य वर्तमान तक प्रारम्भ नही हो पाया है ? क्या सरकार जनहित में मटखानी–कालिका मन्दिर तक मोटर मार्ग का डामरीकरण का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना<br>22.08.2022 | 34. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत विख्यात पौराणिक देवी मन्दिर शक्तिपीठ मानिला मानस कोरिडोर में सम्मिलित है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार पौराणिक देवी मन्दिर शक्तिपीठ मानिला को मानस कोरिडोर में सम्मिलित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.08.2022 | 35. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध परियोजना के कारण आंशिक व पूर्ण डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के कुल कितने पुनर्वास से सम्बन्धित प्रकरण आतिथि तक लम्बित हैं ? क्या सह सत्य है कि अभी भी कई ग्रामीण काश्तकारों के पुनर्वास, भूमि आवंटन, प्रतिकर, अनुतोष भुगतान के प्रकरण कई स्तरों पर लम्बित पड़े हुए हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि ऐसे प्रकरणों के शीघ्र व त्वरित निस्तारण हेतु किसी उच्च स्तरीय समिति का गठन कर सम्बन्धित विचाराधीन प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.08.2022 | 36. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड की पौराणिक गौरवमयी संस्कृति के संरक्षण अथवा पौराणिक छ्यूड़ा पवाड़ा, जागर, पाण्डवार्त, झोड़े, चांचरी, आंचलिक गीतों को बचाने, संरक्षित करने की दिशा में सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किए गये है ? क्या सरकार बतायेगी कि इन पौराणिक आंचलिक गीत जो कि लुप्त होने जा रहे हैं, उन्हें संरक्षित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | संस्कृति |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.08.2022 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कालावन–तेगना मोटरमार्ग निर्माण की एक सूत्रीय मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सुरकण्डा (कद्दूखाल) नामक स्थान पर धरना–प्रदर्शन किया गया था ? यदि हां, तो उक्त मोटरमार्ग का निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.08.2022 | 38. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत देवलसारी–मोटियाणा–नागटिब्बा पर्यटक स्थलों के विकास हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या योजनायें संचालित की जा रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त पर्यटन स्थलों के विकास हेतु कब तक कार्य किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.08.2022 | 39. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर में ग्राम पंचायत डुण्डा (धनोल्टी), अगिण्डा तथा विकासखण्ड थौलधार में ग्राम पंचायत भेटी के राजस्व ग्राम | पंचायती राज |

| | | |
|---|---|---|
| | मंज्याड़ी के पंचायत भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है ? क्या सरकार उपरोक्त क्षतिग्रस्त व जीर्णशीर्ण पंचायत भवनों का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री महेश जीना 23.08.2022 | 40. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तार्गत मानिला क्षेत्र नैसर्गिक दृष्टिकोण से पर्यटन के लिए अति समृद्ध है, किन्तु मुख्य स्थानों पर वन भूमि होने के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी लोग व्यवसाय नहीं कर पा रहे हैं? क्या सरकार वन भूमि को पर्यटन के लिए विकसित कर लीज पर देने की प्रकिया पर काम करेगी, जिससे इस प्रकार के स्थान प्रमुख पर्यटक स्थानों के रूप में विकसित हो सकें ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| इंजी० रवि बहादुर 23.08.2022 | 41. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बंजारेवाला से ग्राम संघीपुर तक बरसाती नदियां होने के कारण बरसाती पानी कास्तकारों की हजारों बीघा फसलों को बर्बाद कर रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि बरसाती पानी से फसलों के बचाव के लिए कितना पीचिंग कार्य किया गया? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सुरेश सिंह चौहान 23.08.2022 | 42. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के गंगोत्री विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौन में बने इंजीनियरिंग कालेज का निर्माण कार्य 2014 से प्रारम्भ हुआ था और 2017 में कार्य बंद कर दिया गया ? क्या यह सत्य है कि उक्त इंजीनियरिंग कालेज के निर्माण हेतु रुपये 23.75 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ, किन्तु उसके सापेक्ष 15.75 करोड़ रुपये ही व्यय किया गया है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि भवन निर्माण होने के पश्चात भी कॉलेज कक्षाओं का संचालन न किये जाने के क्या कारण है ? क्या सरकार इंजीनियरिंग कालेज का शेष कार्य को पूर्ण कर कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ करेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेश जीना 25.08.2022 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने सड़क मार्गों का निर्माण कराया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने मार्गों में अनुबन्ध के शर्तों के अनुरुप कार्य किया है, और अनुबन्ध के अनुसार मार्गों का निर्माण कार्य पूर्ण न कराने वाले कुल कितने फर्मे हैं, तथा अनुबन्धों के अनुरुप कार्य नहीं करने वाली कुल कितनी फर्मो को काली सूची में रखा गया है व कुल कितने फर्मो का अर्थदण्डित किया गया है ? क्या मंत्री जी उक्त का विधानसभावार सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रमोद नैनवाल 25.08.2022 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र रानीखेत के अन्तर्गत टूनाकोट गांव काफी लम्बे समय से मोटर मार्ग से वंचित है ? यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि व्यापक जनहित में इस गांव को मोटर मार्ग से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग रानीखेत एवं अल्मोड़ा द्वारा प्रारम्भिक आगणन बनाकर शासन में शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रेषित किया है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त मोटर मार्ग को शासन स्तर से शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति कब तक प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना 25.08.2022 | 45. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सल्ट स्थापित है, जो वर्तमान में बहुत कम ट्रेडों के साथ संचालित हो रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी | तकनीकी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| | अवगत हैं कि आज के समय में भी राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सल्ट में सिविल जैसा महत्वपूर्ण ट्रेड नहीं है ? क्या सरकार छात्रहित में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सल्ट में सिविल ट्रेड की स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रमोद नैनवाल 26.08.2022 | 46. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढूंगा में कारगिल शहीद मेजर राजेश अधिकारी के नाम से मोटर मार्ग का निर्माण कार्य हुआ है,? क्या यह सत्य है कि उक्त मार्ग से ढूंगा ग्राम पंचायत को जोड़ने हेतु 01 कि0मी0 मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अवशेष रहा है? यदि हां, तो उक्त मोटर मार्ग के अवशेष भाग को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रमोद नैनवाल 26.08.2022 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पटियाचौरा–बेलनैकाना –बाकुलाचौड़ाखाल मोटर मार्ग रोटा जमणगैरा तक निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेश जीना 26.08.2022 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में वर्ष 2017 से आतिथि तक कुल कितने मोटर मार्ग प्रथम चरण व कुल कितने मोटर मार्ग द्वितीय चरण में स्वीकृत हुए है ? क्या मंत्री जी सल्ट में निर्मित मोटर मार्गो के नाम निर्माण करने वाली फर्म व मदवार धनराशि आवंटन का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट 26.08.2022 | 49. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुंआ विधान सभा क्षेत्र में गौला नदी व अन्य बरसाती नदियों से उपजाऊ जमीन व जंगलों का भू–कटाव हो रहा है ? क्या सरकार पूर्व में बचाव हेतु प्रस्तावित 'गंगा बाढ़ नियन्त्रण योजना' के कार्य प्रगति का विवरण उपलब्ध करायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट 26.08.2022 | 50. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि सिंचाई एवं नलकूप विभाग वित्तीय कमी के कारण जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं कर पा रहे है ? यदि हां, तो क्या सरकार इन विभागों को वित्तीय सहायता देने या इन विभागों के एकीकरण करने की कोई कार्ययोजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट 29.08.2022 | 51. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के लालकुआं विधान सभा क्षेत्र में कोई राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज न होने के कारण क्षेत्र के निर्धन छात्र–छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर–दूर जाना पड़ता है एवं निर्धन परिवार से होने के कारण ये छात्र–छात्राएं आवाजाही के खर्चे को भी वहन कर पाने में सक्षम नही हैं ? यदि हां, तो क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री जी बतायेंगे कि लालकुआं विधान सभा क्षेत्र में कोई राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री आदेश सिंह चौहान 30.08.2022 | 52. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर में गुलदारों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ? क्या यह सत्य है कि आज तक गुलदार कई किसानों को घायल कर चुका है? यदि हां, तो क्या सरकार की इन्हें पकड़ने / मारने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रमोद नैनवाल | 53. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के रानीखेत विधान सभा | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| 31.08.2022 | क्षेत्र के अन्तर्गत डाबर घट्टी से सौखोला होते हुए ग्राम सभा बैना व ड्योडाखाल से पस्तौड़ावार तक मोटर मार्ग जिसकी घोषणा संख्या–251/21 है, को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिलने तथा टैण्डर हो जाने के बाद भी आज तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02.09.2022 | 54. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर की ग्राम पंचायत कालावन तेगना में ग्रामीणों द्वारा पंचायत भवन निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा ग्राम पंचायत कालावन तेगना (जौनपुर) में पंचायत भवन का निर्माण कब तक पूर्ण करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>13.09.2022 | 55. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैन्सडाउन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बड़खेत में निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या सरकार इस सत्र से उक्त पॉलिटेक्निक कॉलेज में पठन–पाठन कार्य संचालित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.09.2022 | 56. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कालागढ़ वन प्रभाग के अन्तर्गत ग्राम तैड़िया, पांडा, जमुण आदि कई राजस्व ग्रामो में स्थानीय नागरिकों को वन मार्ग से जाने की अनुमति है ? यदि नहीं तो क्या वन विभाग नागरिकों को वन मार्ग से जाने की अनुमति प्रदान करेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों | वन |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.09.2022 | 57. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जल संरक्षण हेतु कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.09.2022 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थानीय ठेकेदारों को पाँच करोड़ तक के काम करने की प्राथमिक्ता दी जाती है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>15.09.2022 | 59. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदारों की बढ़ती संख्या एवं गुलदारों द्वारा लोगों पर आक्रमण की घटना को देखते हुए गुलदारों को शिडयूल 01 एवं 02 से हटाने की कार्यवाही करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री महेश जीना<br>19.09.2022 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत कूपी–पटलूगैर–कुमियाचौड़–भ्याड़ी मोटर मार्ग की स्थानीय जनता द्वारा बहुत लम्बे समय से मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कूपी–पटलूगैर–कुमियाचौड़–भ्याड़ी मोटर मार्ग के निर्माण की कार्य योजना गतिशील है ? क्या सरकार जनहित में स्थानीय जनता की मांग पर कूपी–पटलूगैर–कुमियाचौड़–भ्याड़ी मोटर मार्ग का निर्माण करायेंगी? यदि, हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>23.09.2022 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के अन्तर्गत गुमखाल से घट्टुघाट मोटर मार्ग पर कार्य चल रहा है ? यदि हां, तो क्या कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरुप है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत | 62. क्या धर्मस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कर्मकाण्ड पुरोहितों को | धर्मस्व |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23.09.2022 | सरकार प्रोत्साहन भत्ता देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>04.10.2022 | 63. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के सतपुली में निर्माणाधीन पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि हां, तो वर्तमान तक कक्षा संचालन न होने के क्या कारण है ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>04.10.2022 | 64. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत रूड़की शहर एक ऐतिहासिक शहर है, जिसमें शहर के बीचों बीच से गंगानहर होकर गुजरती है, इसके अतिरिक्त सोलानी नदी एवं गंग नहर का विशेष संयोजन इसी शहर में देखने को मिलता है ? क्या यह सत्य है कि भारत का सर्वोच्च संस्थान आई0आई0टी, रूड़की, सीबीआरआई, एन आईएच, भारतीय सिंचाई संस्थान व कैन्ट बोर्ड जैसे संस्थान को दृष्टिगत रखते हुए रूड़की में पर्यटन की दृष्टि से अपार सम्भावनाए मौजूद है? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा रूड़की को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>06.10.2022 | 65. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीषण गर्मी के दौरान उत्तराखण्ड के जगलों को वनाग्नि व उससे होने वाली हानि से बचाने के लिए सरकार द्वारा भविष्य में कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>07.10.2022 | 66. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रूड़की शहर में स्थित सिंचाई अनुसंधान के सामने शहर के दोनो क्षेत्र को एक दूसरे से जोड़ने वाला ऐतिहासिक लोहे का झूला पैदल पुल की वर्तमान स्थिति अत्यधिक खराब है ? क्या सरकार द्वारा उक्त पैदल पुल की मरम्मत हेतु कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>10.10.2022 | 67. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रूड़की में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री विनोद कण्डारी<br>10.10.2022 | 68. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने बंदर बाड़े है और बनाये गये बन्दर बाड़ों में वर्तमान तक कुल कितने बंदर पकड़े गये है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि देवप्रयाग के अन्तर्गत बंदरबाड़े लगाने की कोई योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री विनोद कण्डारी<br>10.10.2022 | 69. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक जोगणीसैण का भवन निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राजकीय पॉलीटेक्निक जोगणीसैण का भवन निर्माण कार्य किस कारण रुका हुआ है ? क्या सरकार छात्र–छात्राओं के हित को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र राजकीय पॉलीटेक्निक जोगणीसैण का भवन निर्माण कार्य पूर्ण करायेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री विनोद कण्डारी<br>10.10.2022 | 70. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र देवप्रयाग के अन्तर्गत किन–किन सड़क मार्गों का मुआवजा किन–किन भूमि स्वामियों को और विस्थापितों को दिया गया है तथा कितना शेष | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| | है ? क्या सरकार वंचित रह गये सभी भूमि स्वामियों को शीघ्र मुआवजा राशि प्रदान करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>11.10.2022 | 71. क्या पर्यटन मंत्री अवगत है कि उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी सीमा पर पर्यटन सूचना केन्द्र स्थापित नही है, जिससे आने वाले पर्यटकों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उत्तराखण्ड राज्य के मुख्य प्रवेश द्वार नारसन बॉर्डर पर सूचना केन्द्र बनाने की कोई योजना बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री प्रदीप बत्रा<br>12.10.2022 | 72. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में वनों एवं वन्य जीवों की रक्षा एवं बचाव के लिए मानदेय के आधार पर वन प्रहरियों कों नियुक्ति करने की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| इंजी0 रवि बहादुर<br>03.08.2022 | 73. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत पथ प्रकाश की व्यवस्था है ? यदि नहीं, तो सरकार इस दिशा में क्या कार्य कर रही है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि ज्वालापुर के अन्तर्गत कितने गांवों में पथ प्रकाश व्यवस्था सुचारु रुप से चल रही है ? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री मयूख महर<br>17.10.2022 | 74. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत करायेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत पिथौरागढ़, मेलडुंगरी, थली–रामेश्वर मोटर मार्ग का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया था तथा उक्त मोटर मार्ग के निर्माण कितना धन आवंटन किया गया था एवं मोटर मार्ग निर्माण की अन्तिम तिथि क्या थी और अतिथि तक कितना प्रतिशत मोटर मार्ग तैयार हुआ है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में हुयी अनियमित्ता एवं विलम्ब के कारणों की जाँच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>17.10.2022 | 75. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार पिथौरागढ़ स्थित सीमान्त इंजीनियरिंग कालेज को चयनित स्थल से स्थानान्तरित कर रही है ? क्या यह सत्य है कि जिला प्रशासन द्वारा वर्तमान में चयनित स्थान पर पिथौरागढ़ का 100 वर्ष पुराना इण्टर कालेज जो कि पिथौरागढ के गौरव एवं सम्मान का प्रतीक है को बन्द अथवा अन्यंत्र स्थानान्तरित किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा वर्तमान स्थल पर लगभग रुपये 14 करोड़ व्यय करने के उपरान्त भी उक्त कालेज को अन्यत्र स्थानान्तरित करने का औचित्य क्या है ? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री मयूख महर<br>19.10.2022 | 76. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अन्तराष्ट्रीय सीमा भारत नेपाल के झूलाघाट कस्बे में मोटर पुल का निर्माण प्रस्तावित था ? यदि हां, तो इस पुल को कब से प्रारम्भ किया जायेगा ? क्या यह सत्य है कि इस विचाराधीन पुल को झूलाघाट के स्थान पर छारछूम कस्बे में स्थानान्तरित किया गया है ? यदि हां, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>19.10.2022 | 77. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के टनकपुर जौंलजीवी मोटर मार्ग का कितना भाग वर्तमान में निर्मित हो चुका है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया था व इसके पूर्ण करने की निर्धारित तिथि क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त निर्माणाधीन मोटर मार्ग की कुल लम्बाई क्या है और वर्तमान में इस मोटर मार्ग में | लोक निर्माण |

कुल कितना धन व्यय किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>20.10.2022 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के प्रान्तीय खण्ड में कुल ऐसे कितने कार्य है, जिनकी बॉण्ड मे निर्धारित समय सीमा समाप्त हो चुकी है, पर कार्य पूर्ण नही हो पाया है और कितने कार्य ऐसे है जिनके टैण्डर होने के उपरान्त भी ठेकेदार कार्य प्रारम्भ नहीं कर रहे है, जबकि उन्हें बॉण्ड बनने के बाद कार्य प्रारम्भ करने के आदेश दिया जा चुका है ? क्या सरकार इस पर कोई कार्यवाही करेगी तथा इस प्रकार के अनुबन्ध को निरस्त किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>20.10.2022 | 79. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता स्थित नानकसागर डैम में पर्यटन विभाग द्वारा नौकाएं/मोटर वोट एवं अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है ? क्या मोटर वोट संचालन एवं अन्य गतिविधियों के लिए सरकार से अनुमति ली गयी है ? यदि हां, तो कब ली गयी ? यदि नहीं तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>20.10.2022 | 80. क्या वन मंत्री अवगत है कि जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र नानकमत्ता, जिला ऊधमसिंहनगर के वन क्षेत्र के किनारे बसे गॉव ऐंचताविही, टुकड़ी–विचवा, कैंथुलिया ध्यानपुर, संरौजा, बेलखेड़ा, पासेनी नलई आदि गांव उप तहसील नानकमत्ता में जंगली गुलदार का आतंक बना हुआ है ? क्या यह सत्य है कि कई आदमखोर जानवर ग्राम वासियों पर हमला कर कई लोगों को अपना निवाला बना चुका है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इस गम्भीर समस्या के निस्तारण के लिए सरकार द्वारा कोई ठोस योजना बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती शैलारानी रावत<br>01.11.2022 | 81. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में एवं जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में जंगली जानवरों (जंगली सुअर एवं बन्दरों) से किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि जंगली जानवरों से हो रहे नुकसान से किसानों को खेती से मोह भंग हो रहा है, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों में सरकार व जनप्रतिनिधियों को किसानों/स्थानीय निवासियों का विरोध झेलना पड़ता है ? क्या सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>02.11.2022 | 82. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभाग द्वारा डी.एस. आर. (देहली शेड्यूल ऑफ रेट 2022) के अनुरुप भवन निर्माण के कार्य किये जा रहे है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>02.11.2022 | 83. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम एवं कुमाऊँ मण्डल विकास निगम में विभिन्न पदों पर कार्यरत दैनिक/संविदा कर्मियों को समान कार्य समान वेतन के आधार पर वेतन दिया जाता है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्रीमती अनुपमा रावत | 84. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के हरिद्वार ग्रामीण | सिंचाई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03.11.2022 | विधान सभा क्षेत्र के लालढांग में सिंचाई के लिये नलकूप लगाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये है ? यदि हां तो कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और कब तक स्वीकृत कर लालढांग क्षेत्र में नलकूप लगा दिये जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों? | | |
| श्रीमती अनुपमा रावत 07.11.2022 | 85. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण में कितने रजवाहे अभी तक बन चुके हैं और कितने रजवाहों का रख–रखाव व मरम्मत कार्य हो चुका है ? क्या सरकार तद्संबंधी विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई | |
| श्रीमती अनुपमा रावत 07.11.2022 | 86. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के लालढांग–कोटद्वार मोटर मार्ग कब स्वीकृत हुआ था और इस मोटर मार्ग पर अब तक कितना धन सरकार व्यय कर चुकी है तथा इस मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में विलम्ब का क्या कारण है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण | |
| श्रीमती अनुपमा रावत 09.11.2022 | 87. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार जिले के हरिद्वार ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में कितने नलकूप कब से अक्रियाशील है ? क्या सरकार की उनको समयबद्ध तरीके से क्रियाशील करने की कोई योजना है ? यदि हां, तो तद्संबंधी विवरण किस प्रकार है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई | |
| श्री संजय डोभाल 09.11.2022 | 88. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री के अन्तर्गत सरूताल, सुतुड़ी बुग्याल, बाकरी ताल, भुजेला ताल, कुण्डका ताल, कुण्डका बुग्याल, फाचकण्डी बुग्याल, भौखनाथ टिब्बा, टिहरी बांध परियोजना से बनी चिन्यालीसौड़ झील आदि ऐसे रमणीक पर्यटन स्थान है, जो कि पर्यटन की दृष्टि से विकसित किये जा सकते है और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकता है ? क्या उक्त स्थानों को विकसित करने के लिये सरकार कोई ठोस योजना बना रही है ? यदि हां तो वह योजना क्या है ? यदि नहीं तो क्यों ? | पर्यटन | |
| श्रीमती ममता राकेश 10.11.2022 | 89. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में कितने सरकारी नलकूप लगे है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे उक्त नलकूपों मे से कितने क्रियाशील है तथा कितने अक्रियाशील है ? क्या सरकार अक्रियाशील नलकूपों की शीघ्र मरम्मत एवं कमरो का निर्माण करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नही तो क्यों ? | सिंचाई | |
| श्री त्रिलोक सिंह चीमा 11.11.2022 | 90. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री के द्वारा जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर के विकास के प्रति की गई 6 घोषणाओं में से एक घोषणा संख्या– 481/2019 जिसमें काशीपुर–रामनगर रोड से काशीपुर–बाजपुर रोड तक द्रोणासागर नहर के ऊपर दो लाईन सड़क का निर्माण कराया जाना सम्मलित था, जिसका शिलान्यास मा0 मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 को काशीपुर में किया गया था ? यदि हां, तो सम्बन्धित मार्ग निर्माण हेतु किस विभाग को कार्यदायी संस्था बनाया गया है एवं कितनी धनराशि की स्वीकृति दी गई है तथा उक्त मार्ग पर निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण | |